EPCH
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
Connecting. Empowering. Transforming.
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
CIN: U20299DL1986NPL023253 | GST NO. 07AAACE1747M1ZJ

**प्रेस विज्ञप्ति**

# ईपीसीएच ने मलेशिया में आयोजित साउथईस्ट एशिया फैशन वीक 2026 में दर्ज कराई प्रभावशाली उपस्थिति

## इंडिया पवेलियन में फैशन एक्सेसरीज़ और समकालीन शिल्प-आधारित डिजाइनों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली, 08 जुलाई 2026:** साउथईस्ट एशिया फैशन वीक का आयोजन 07 से 08 जुलाई 2026 तक कुआलालंपुर, मलेशिया में किया जा रहा है। ईपीसीएच इंडिया पवेलियन का उद्घाटन श्री हितेश जे. राजपाल, उप उच्चायुक्त एवं कार्यवाहक उच्चायुक्त, भारतीय उच्चायोग, मलेशिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाग लेने वाले प्रदर्शक, उद्योग प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच ने बताया।

साउथईस्ट एशिया फैशन वीक 2026 में दक्षिण-पूर्व एशिया, यूरोप, चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, मध्य पूर्व, अमेरिका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक फैशन ब्रांड और डिजाइनर भाग ले रहे हैं। प्रदर्शनी में महिला एवं पुरुष परिधान, फुटवियर, हैंडबैग, फैशन एक्सेसरीज़ और लक्ज़री फैशन कलेक्शन सहित विविध उत्पाद श्रेणियां प्रदर्शित की जा रही हैं।

इस अवसर पर **डॉ. नीरज खन्ना, अध्यक्ष, ईपीसीएच** ने कहा, "दक्षिण-पूर्व एशिया फैशन, लाइफस्टाइल और डिजाइन-आधारित उत्पादों के लिए एक महत्वपूर्ण एवं तेजी से विकसित हो रहा बाजार है। साउथईस्ट एशिया फैशन वीक में ईपीसीएच की भागीदारी हमारे सदस्य निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और उद्योग विशेषज्ञों के समक्ष हस्तनिर्मित फैशन एक्सेसरीज़ तथा समकालीन डिजाइन के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक मूल्यवान मंच प्रदान करती है।"

डॉ. खन्ना ने आगे कहा, "भारतीय हस्तशिल्प पारंपरिक कौशल और आधुनिक डिजाइन संवेदनशीलता का उत्कृष्ट समन्वय प्रस्तुत करते हैं। साउथईस्ट एशिया फैशन वीक जैसी प्रदर्शनियों में भागीदारी के माध्यम से हमारा उद्देश्य भारतीय उत्पादों को केवल सांस्कृतिक रूप से विशिष्ट ही नहीं, बल्कि समकालीन, वैश्विक रूप से प्रासंगिक तथा आधुनिक रिटेल और फैशन बाजारों के अनुकूल उत्पादों के रूप में स्थापित करना है।"

**श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच** ने कहा, "मलेशिया में साउथईस्ट एशिया फैशन वीक 2026 में भागीदारी, बाजार विविधीकरण और सदस्य निर्यातकों को उभरते व्यावसायिक अवसरों तक सीधी पहुंच प्रदान करने की ईपीसीएच की निरंतर रणनीति का हिस्सा है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बाजारों से खरीदारों, वितरकों, खुदरा विक्रेताओं और फैशन पेशेवरों की उपस्थिति इस प्रदर्शनी को नए व्यावसायिक संपर्क विकसित करने तथा उपभोक्ता और डिजाइन से संबंधित बदलते रुझानों को समझने के लिए एक उपयोगी मंच बनाती है।"

श्री रावत ने आगे बताया की इस संस्करण में ईपीसीएच के 10 सदस्य निर्यातक ईपीसीएच इंडिया पवेलियन के अंतर्गत भाग ले रहे हैं और महिला परिधान, फैशन टेक्सटाइल, फैशन ज्वेलरी एवं एक्सेसरीज़, परिधान तथा अन्य संबंधित उत्पाद प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान ईपीसीएच द्वारा आगामी आईएचजीएफ दिल्ली मेला–ऑटम 2026 के लिए व्यापक खरीदार संपर्क एवं प्रचार गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय खरीदारों, खुदरा विक्रेताओं, वितरकों, डिजाइनरों और सोर्सिंग पेशेवरों को भारत आने तथा हस्तशिल्प, होम, लाइफस्टाइल, फैशन एक्सेसरीज़, फर्नीचर और संबंधित उत्पाद श्रेणियों में देश की व्यापक क्षमताओं का अवलोकन करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद देश से हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और देश के विभिन्न शिल्प क्लस्टरों में घरेलू, लाइफस्टाइल, फर्नीचर तथा फैशन ज्वेलरी एवं एक्सेसरीज़ उत्पादों के उत्पादन में लगे लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड छवि बनाने के लिए एक नोडल संस्था है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री राजेश रावत ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान कुल हस्तशिल्प निर्यात 33,168 करोड़ रुपये यानी 3,754 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।

---

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच
+91-9810423612

**PRESS RELEASE**

# EPCH MARKS ITS PRESENCE AT SOUTHEAST ASIA FASHION WEEK (SEAFW) 2026, MALAYSIA

## India Pavilion to Showcase Fashion Accessories and Contemporary Craft-Based Designs

**New Delhi – 08th July'2026** – The Southeast Asia Fashion Week got underway from 07–08 July 2026 at Kuala Lumpur, Malaysia. The EPCH India Pavilion got inaugurated by Shri Hitesh J. Rajpal, Deputy High Commissioner and Chargé d'Affaires, High Commission of India in Malaysia alongwith participating exhibitors, industry representatives and other dignitaries were present informed Shri Rajesh Rawat, Executive Director – EPCH.

Southeast Asia Fashion Week 2026 features more than 100 fashion brands and designers representing Southeast Asia, Europe, China, India, South Korea, the Middle East, the United States and Latin America. The exhibition presents a broad spectrum of product categories, including women's and men's apparel, footwear, handbags, fashion accessories and luxury fashion collections.

Speaking on the occasion, **Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH**, said, "Southeast Asia is an important and rapidly evolving market for fashion, lifestyle and design-led products. EPCH's participation in South East Asia Fashion Week provides our member exporters with a valuable platform to present India's strength in handcrafted fashion accessories and contemporary design before international buyers and industry professionals."

Dr Khanna further said, "Indian handicrafts combine traditional skills with modern design sensibilities. Through participation in exhibitions such as Southeast Asia Fashion Week, we aim to position Indian products not only as culturally distinctive but also as contemporary, globally relevant and suitable for modern retail and fashion markets."

**Shri Rajesh Rawat, Executive Director, EPCH**, said, "Participation in Southeast Asia Fashion Week 2026 in Malaysia is part of EPCH's continued strategy to diversify markets and provide member exporters with direct access to emerging commercial opportunities. The presence of buyers, distributors, retailers and fashion professionals from multiple international markets makes this exhibition a useful platform for developing new business contacts and understanding evolving consumer and design trends."

In this edition, 10 member exporters of EPCH are participating under EPCH India Pavilion displaying Women Wear, Fashion Textiles, Fashion Jewellery & Accessories, Apparels etc. During the exhibition, EPCH is also undertaking extensive buyer outreach and promotional activities for upcoming edition of the IHGF Delhi Fair–Autumn 2026. International buyers, retailers, distributors, designers and sourcing professionals are being invited to visit India and explore its wide-ranging capabilities in handicrafts, home, lifestyle, fashion accessories, furniture and related product segments." **Shri Rawat** added further

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal institute for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2025-26 was Rs. 33,168 Crores (US $ 3,754 Million), as informed by Shri Rajesh Rawat, Executive Director-EPCH.

---

**For more information please contact**:
Mr. Rajesh Rawat, Executive Director, EPCH
+91-9810423612

Encl : Hindi, English version and photos







**Photo 1 & 2:** Shri Hitesh J. Rajpal, Deputy High Commissioner and Chargé d'Affaires, High Commission of India in Malaysia inaugurated EPCH India pavilion in the presence of member exhibitors; industry representatives and other dignitaries during Southeast Asia Fashion Week 2026, Malaysia.



**Photo 3:** Shri Hitesh J. Rajpal, Deputy High Commissioner and Chargé d'Affaires, High Commission of India in Malaysia interacted with members participating in Southeast Asia Fashion Week 2026, Malaysia.